10. पगड़ी

मैली पगड़ी,
इतनी रगड़ी,
इतनी रगड़ी,
इतनी रगड़ी,
इतनी रगड़ी,
रह गया मैल,
न रह गई पगड़ी।

© NCERT not to be republished

हट्टी-कट्टी,
मोटी-तगड़ी,
मलकिन झगड़ी,
इतनी झगड़ी,
इतनी झगड़ी,
इतनी झगड़ी,
इतनी झगड़ी,
तर गया मैल,
और तर गई पगड़ी।

सफ़ाई

मालकिन ने मैली पगड़ी खूब रगड़ी। तुम इन चीज़ों को किससे साफ़ करोगे?

1. कागज़ ....
2. बर्तन ....
3. पत्ते ....
4. जूते ....
5. दाँत ....

पगड़ी को खूब रगड़ा तो पगड़ी फट गई। बताओ, इनको खूब रगड़ोगे तो क्या होगा?

1. कागज़ ....
2. बर्तन ....
3. जूते ....
4. स्वेटर ....
5. फ़र्श .... चमक जाएगा।

© NCERT not to be republished